सीएम बोले, बिहटा एयरपोर्ट बनने पर पटना में यात्रियों का दबाव घटेगा

पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि बिहटा एयरपोर्ट के निर्माण से सम्पर्कता (कनेक्टिविटी) और बढ़ेगी, साथ ही पटना एयरपोर्ट पर पड़ने वाला भार भी कम होगा। यही नहीं रोजगार और कारोबार के अवसर भी बढ़ेंगे। मुख्यमंत्री ने शनिवार को बिहटा एयरपोर्ट का भी निरीक्षण किया और बिहटा एयरपोर्ट परिसर में निर्माणाधीन कार्य के संबंध में जानकारी ली।

अधिकारियों ने साइट मैप के माध्यम से रनवे, यात्री सुविधाएं, आवागमन हेतु पथ की कनेक्टिविटी तथा उपलब्ध कराये जाने वाली अन्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्माण कार्य को निर्धारित समय सीमा के अंदर पूर्ण करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहटा एयरपोर्ट का निर्माण पूर्ण होने से बिहार में हवाई कनेक्टिविटी और बेहतर होगी। साथ ही यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं मिल सकेंगी। जयप्रकाश नारायण अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा से बिहटा एयरपोर्ट तक कम से कम समय में पहुंचने के लिये दानापुर-बिहटा ऐलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण कराया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने दानापुर-बिहटा एलिवेटेड पथ से बिहटा एयरपोर्ट को जोड़ने वाली निर्माणाधीन सड़क का भी जायजा लिया और कार्य को जल्द पूर्ण पूर्ण करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने भारतीय वायुसेना स्थल, बिहटा के परिसर स्थित रनवे का भी निरीक्षण किया। इसके पहले सीएम ने निर्माणाधीन दानापुर-बिहटा एलिवेटेड कॉरिडोर के कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया।

दानापुर-बिहटा एलिवेटेड और बिहटा एयरपोर्ट के निर्माण कार्य का शनिवार को निरीक्षण करते सीएम नीतीश कुमार। साथ में हैं मंत्री विजय चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, सचिव कुमार रवि, चंद्रशेखर सिंह और डीएम त्यागराजन एसएम।